सत्यमेव जयते

कुलाधिपति
**Chancellor**

स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि
................................**विश्वविद्यालय,**
..................................**University,**
राज भवन, जयपुर – 302006
*Raj Bhawan, Jaipur*

क्रमांक : एफ.27(2)आरबी/2022/4344
दिनांक : 21 अगस्त, 2022

## आदेश

डॉ. रक्षपाल सिंह को राजभवन के आदेश क्रमांक एफ. 27(5)आरबी/2017/6409–6410 दिनांक 21.08.2019 के माध्यम से स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर अधिनियम, 1987 (यथा संशोधित) की धारा 19(1) व 19(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चयन समिति की सिफारिश पर, राज्य सरकार के परामर्श से कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर का कुलपति नियुक्त किया गया। डॉ. सिंह द्वारा कुलपति पद का कार्यभार दिनांक 23.08.2019 को पूर्वाह्न में ग्रहण किया गया था। डॉ. सिंह का कार्यकाल दिनांक 22.08.2022 को पूर्ण होने जा रहा है।

स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर अधिनियम, 1987 (यथा संशोधित) की धारा 19(3) के अंतर्गत नियमित कुलपति की नियुक्ति में समय लगने की संभावना है।

अतः मैं, कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर उक्त विश्वविद्यालय के अधिनियम, 1987 (यथा संशोधित) की धारा 19(9) व 19(10) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार की सलाह से डॉ. सतीश कुमार गर्ग, कुलपति, राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर को अग्रिम आदेशों तक कामचलाऊ व्यवस्था अन्तर्गत (Stop-gap arrangement) अतिरिक्त प्रभार के रूप में स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति के पद के कृत्यों के निर्वहन के लिए निर्देशित करता हूँ।

हस्ता0
**(कलराज मिश्र)**
राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति

क्रमांक : एफ.27(2)आरबी / 2022 / 4345 दिनांक : 21 अगस्त, 2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. प्रमख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान।
3. प्रमुख शासन सचिव, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. शासन सचिव, पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. डॉ. रक्षपाल सिंह, कुलपति, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर।
6. डॉ. सतीश कुमार गर्ग, कुलपति, राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर।
7. कुलसचिव, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर।
8. कुलसचिव, राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर।

**(सुबीर कुमार)**
प्रमुख सचिव,
राज्यपाल राजस्थान